इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव प्रोग्राम

चर्चा में क्यों?

14 अगस्त, 2021 को **इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव प्रोग्राम (IHCI)** के तहत रायपुर ज़िले के सात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 15,634 पंजीकृत रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज करने के लिये सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- यह रैंकिंग **विश्व स्वास्थ्य संगठन** के छत्तीसगढ़ प्रतिनिधियों द्वारा तिमाही रिपोर्ट पर आधारित थी।
- स्वास्थ्य केंद्रों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिये रोगियों की संख्या, रक्तचाप की नियंत्रण दर, अनुवर्ती दवाओं की उपलब्धता और नए रोगी की खोज के आधार पर 100 अंकों पर रैंकिंग दी जाती है।
- रायपुर मार्च 2020 से IHCI लागू कर रहा है। इसके तहत रक्तचाप के रोगियों की जाँच की जाती है और दवाएँ तथा सलाह दी जाती है। अब तक 15,634 मरीज़ों का इलाज किया जा चुका है।
- **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) मंदिर हसौद (85 अंक) पहले स्थान** पर रहा। आरंग ब्लॉक पीएचसी चंद्रखुरी ने 80, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा (78), शहरी पीएचसी चंगोराभाथा (77), पीएचसी तोरला (74), पीएचसी मंधार (73) और तिल्दा ब्लॉक पीएचसी बांगोली (65) ने स्कोर किया।
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. मीरा बघेल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। डॉक्टरों, रेजिडेंट मेडिकल असिस्टेंट्स, स्टाफ नर्सों, फार्मासिस्टों और रेजिडेंट हाउस ऑफिसर्स को भी सर्टिफिकेट दिये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-hypertension-control-initiative-program-ihci